दिनांक 12.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

(छठ पर्व पूर्व तालाबों का निगम द्वारा की जा रही तैयारियों का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री एस के सुंदरानी ने किया)

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने निगम क्षेत्र के जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 के अंतर्गत विभिन्न वार्डो में छठ पूजा को लेकर तालाबों में की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया श्री सुंदरानी ने आज सेक्टर–2 तालाब, सेक्टर–7 तालाब लक्ष्मण नगर तालाब, दर्री तालाब, शीतला तालाब पहुंचकर तैयारियों से अवगत हुए तथा उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया । साथ ही श्री सुंदरानी ने स्वच्छता एप डाउनलोड कराए जाने के संबंध में भी सभी जोन में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों की टीम गठित की गई है जो छठ पर्व त्यौहार में आने वाले नागरिकों से स्वच्छता एप डाउनलोड मोबाइल में कराएंगे।

सभी जोन अंतर्गत नियमित सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रिकालीन सफाई के कार्य किये जा रहें है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आकाश गंगा सुपेला, पत्रकार लाईन, आकाश गंगा सब्जी मण्डी, शीतला तालाब शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, परिया पारा, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्प्लेक्स, स्टेशन रोड मरोदा सहित सार्वजनिक स्थल में सफाई की गई।

निगम का स्वास्थ्य अमला सभी वार्डो में नागरिकों से भी अपील की जा रही है कि वे 20 नवम्बर को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखें तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मोबाइलों में स्वच्छता ऐप डाउनलोड कराया जा रहा है ।

रात्रिकालीन साफ–सफाई व्यवस्था में दुकान बंद होने के बाद स्वास्थ्य कर्मचारी सफाई के कार्य कर रहें हैं यह कार्य निरंतर सभी वार्डों के प्रमुख स्थलों पर चलाये जा रहे हैं किए जा रहे प्रगति की रिपोर्ट आयुक्त महोदय को स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा प्रतिदिन अवगत कराया जाता है।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश जारी करते हुए कहा है की छठ पर्व का त्यौहार मनाया जाना है । तालाबों में पेयजल, बिजली, साफ–सफाई श्रद्धालुओं के आने जाने मार्ग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था की तैयारियां पूर्ण कर लेना तथा आने वाले नागरिकों से अपील करें कि वे 20 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें साथ ही अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए जाने हेतु स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाए गए स्वच्छता एप अपने–अपने मोबाइल में अवश्य डाउनलोड करावे।

श्री सुंदरानी के द्वारा निगम क्षेत्र के अंतर्गत जोन 05 सेक्टर–07, सेक्टर–2, वार्ड 42 नेवई, रिसाली ,मरोदा डेम, वार्ड 23 तालाब, शीतला तालाब, वार्ड 06 सुपेला, दर्री तालाब, लक्ष्मण नगर तालाब सहित छठ पर्व को मनाए जाने वाले चिन्हित तालाबों की साफ–सफाई के साथ साथ पानी बिजली सड़क मार्ग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था लगभग पूर्ण की जा चुकी है।

जनसम्पर्क अधिकारी